पृष्ठ : 12 | मूल्य : पांच रुपये 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण amarujala.com बरेली | सोमवार, 4 मई 2020

अमर उजाला

PAGE NO. 6 BOTTOM. LEFT

एसईई के आवेदन अब 15 मई तक

लखनऊ। प्रदेश के इंजीनयरिंग, मैनेजमेंट व फार्मेसी संस्थाओं में प्रवेश के लिए प्रस्तावित राज्य प्रवेश परीक्षा (एसईई) के लिए अब ऑनलाइन आवेदन 15 मई तक किए जा सकेंगे। लॉकडाउन को देखते हुए प्रवेश परीक्षा करा रहे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) ने आवेदन तिथि बढ़ाई है।

विश्वविद्यालय प्रवक्ता आशीष मिश्रा ने बताया कि लॉकडाउन की वजह से विद्यार्थी आवेदन नहीं कर पाए थे। जिनकी मांग पर आवेदन तिथि बढ़ाई गई है। ऑनलाइन आवेदन में करेक्शन की तिथि भी 18 मई तक बढ़ा दी गई है। अब तक 1,67,110 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। जबकि 1,42,855 अभ्यर्थियों ने शुल्क जमा किया है। शुल्क जमा करने वाले ही प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि बता दें कि एसईई पहले 10 मई को प्रस्तावित थी लेकिन लॉकडाउन की वजह से इसे स्थगित कर दिया गया है। ब्यूरो

जेईई मेन व नीट जून के आखिरी हफ्ते में संभव

नई दिल्ली। इंजीनियरिंग और मेडिकल की प्रवेश परीक्षा जून के अंतिम सप्ताह में होने की संभावना है। मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक 5 मई को छात्रों से होने वाले संवाद में जेईई मेन और नीट की तारीख की घोषणा कर सकते हैं। अधिकारी के मुताबिक, निशंक मंगलवार को देशभर के छात्रों से वेबिनार पर संवाद करेंगे। ब्यूरो